30-april -RAG bhoomi-pg-01_Layout 1 4/30/2025 9:15 PM Page 1

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 1 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

4 शहर में चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर



[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

## खबर संक्षेप



### टीबी मुक्त अभियान में तीसरे स्थान पर रायगढ़

**रायगढ़।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एवं टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत रायगढ़ जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। स्वास्थ्य विभाग, रायपुर द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम, चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में रायगढ़ जिले को तीसरा स्थान प्रदान किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री द्वारा वर्चुअल उद्घाटन के माध्यम से चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ में कल्चर एंड डीएसटी लैब का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया एवं आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने रायगढ़ जिले को यह सम्मान प्रदान किया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले द्वारा टीबी मुक्त पंचायतों की संख्या में उत्कृष्ट कार्य किया गया, जिसके लिए जिले को राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।जिले में विकासखंड स्तर पर तमनार विकासखंड को सबसे अधिक पंचायतों को टीबी मुक्त करने हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान रायगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग की प्रतिबद्धता, टीम वर्क एवं जागरूकता अभियानों की सफलता को दर्शाता है, जो भविष्य में जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में और अधिक प्रेरित करेगा।

### महिला से मारपीट के मामले में अपराध दर्ज

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुंजेमुरा निवासी महिला के साथ मारपीट करने वाले दो युवक व दो महिलाओं के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।
इस संबंध में ग्राम कुंजेमुरा निवासी सरिता महंत पिता अनूपदास महंत ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह जिंदल फोर्टिस अस्पताल झींकाबहाल में आया का काम करती है। पिछले कुछ वर्षों से गांव के विजय निषाद के साथ उसका कोर्ट में प्रकरण चल रहा है। इसी बीच बीते 27 अप्रैल की सुबह इसी प्रकरण को लेकर बात करने के लिए उसे विजय निषाद ने अपने घर बुलाया था। इस दौरान वहां विजय निषाद, रेवती निषाद, रत्ना निषाद, रविन्द्र निषाद सभी मौजूद थे। वे आपस में चर्चा कर ही रहे थे, कि इसी बीच उन्होंने बीच बस्ती में मींटिंग करा कर अपमानित करने की बात कही। तब उसने इससे इनकार किया। इसी बीच विजय निषाद गाली गलौज देने लगा। ऐसे में गाली गलौज करने से इनकार करने पर वहां मौजूद रेवती निषाद, रत्ना निषाद, रविन्द्र निषाद उसके साथ मारपीट करने लगे। जिसकी वजह से उसके गले, सिर, पीठ में चोट लगी है।

### सुबह छाए रहे बादल दोपहर में बारिश

**रायगढ़।** कुछ दिनों से मौसम में बदलाव के कारण एक ओर जहां बारिश हो रही है, तो वहीं दूसरी ओर बारिश के कारण तापमान में करीब 7 की गिरावट देखने को मिल रही है। मंगलवार की भी शाम को तेज आंधी के साथ करीब एक घंटे तक लगातार मूसलाधार बारिश होती रही। वहीं रात भर आसमान में बादल छाए रहे, इसी हाल बुधवार की सुबह भी देखने को मिला। जिसके बाद बुधवार की दोपहर को भी हल्की बारिश से सूरज की तपीश को फीका कर दिया। मौसम विभाग ने रायगढ़ में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी है। ऐसे में आगामी दो से तीन दिनों तक मौसम में इस तरह के बदलाव की संभावना बनी हुई है। अप्रैल में जहां अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री तक पहुंच गया था, वहीं बारिश के कारण अब तापमान में तेज गिरावट देखी जा रही है।

## अस्पताल का ड्रेनेज सिस्टम फेल, गटर में तब्दील हुआ एमसीएच

# मातृ शिशु अस्पताल के प्री-लेबर रूम में टपक रहा गंदा पानी..!

**गर्भवती माताओं और परिजन को करना पड़ रहा है दिक्कतों का सामना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

शहर का मातृ शिशु अस्पताल (एमसीएच) इन दिनों अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है। सांपलोक के बाद यह अस्पताल अब गटर में तब्दील हो गया है। यहां का ड्रेनेज सिस्टम फेल होने से प्री-लेबर रूम की छत से मल-मूत्र और शौचालय का गंदा पानी टपक रहा है। जिससे यहां आने वाली गर्भवती माताओं और परिजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल सप्ताहभर पहले इस अस्पताल में सांप निकलने की घटनाओं से डिलीवरी बंद कर दी गई थी। इसके बाद किसी तरह सर्पमित्र से सांपों का रेस्क्यू करा कर दवा का छिड़काव कराते हुए कुछ दिन पूर्व ही डिलीवरी सेवाएं शुरू की गई। अब अस्पताल प्रबंधन के सामने एक नई समस्या आ खड़ी हुई है। अस्पताल के प्री-लेबर रूम की छत से मल-मूत्र और गंदा पानी टपकने मामला सामने आया है। इससे न केवल अस्पताल मे बदबू फैल रही है बल्कि गर्भवती माताओं में संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। जिससे यहां आने वाली महिलाओं और उनके परिजनों को काफी असुविधा हो रही है। इसका प्रमुख कारण यह है कि पूरे अस्पताल की ड्रेनेज लाइन जगह-जगह से टूट गई है। शौचालय और स्नानागार का गंदा पानी जिस पाइप लाइन से गुजरती है वह जर्जर हो गई है। जिससे कई स्थानों पर गंदे पानी का रिसाव हो रहा है। गंदगी सीधे अस्पताल के कमरों में फैल रही है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



### जल्द ही शुरू होगा ड्रेनेज सुधारने का काम

निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जिम्मेदारी ठेकेदार की होती है। पूर्व के ठेकेदार ने ड्रेनेज लाइन को सही तरीके से नहीं बनाया था। जिसका खामियाजा अब अस्पताल प्रबंधन और मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। सीजीएमएससी के सब इंजीनियर अमित कुमार शर्मा ने बताया कि एमसीएच के पूरे ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने के लिए टेंडर निकाला गया था। जिसमें रायगढ़ के ही रविंद्र कुंभकार को ठेका मिला है। सीजीएमएससी द्वारा जल्द ही वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा। इसके बाद ड्रेनेज सुधारने का काम शुरू हो जाएगा।

### महिलाओं के लिए की गई है वैकल्पिक व्यवस्था

डिलीवरी से पूर्व चेकअप के लिए आने वाली महिलाओं के पास प्री-लेबर रूम नहीं होने से अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। गर्भवती माताओं का दूसरे कमरे में चेकअप किया जा रहा है। वहीं स्थानीय स्तर पर गंदगी की सफाई की जा रही है। हालांकि जब तक स्थायी समाधान नहीं निकलता तब तक मरीजों को इस बदहाल व्यवस्था के बीच ही इलाज कराना पड़ेगा।

### की गई है व्यवस्था

एमसीएच का ड्रेनेज सिस्टम फेल होने से यहां प्री-लेबर रूम में गंदा पानी टकपने की जानकारी मिली है। इसके लिए सीजीएमएससी को पत्राचार किया गया है। उनके द्वारा टेंडर भी ओपन कर दिया गया है। जल्द ही इसका सुधार कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वहीं अभी वैकल्पिक तौर पर स्थानीय स्तर से सफाई का काम किया जा रहा है, जबकि चेकअप के लिए आने वाली महिलाओं के लिए दूसरे कमरे में व्यवस्था की गई है।

**डॉ. अनिल कुमार जगत**
सीएमएचओ, रायगढ़

# टहलने निकले युवक की संदिग्ध हालत में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत घर से टहलने निकला एक युवक खून से लतपथ हालत में मिला। आनन-फानन में परिजनों ने जब उसे अस्पताल पहुंचाया तो इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इस मामलें में हत्या की आशंका व्यक्त की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

दरअसल ग्राम अंगेकेला निवासी दयानंद चौहान 25 अप्रैल की शाम घर से टहलने के नाम से निकला था, लेकिन काफी देर तक घर नहीं लौटा। रात करीब 10 बजे गांव के कोटवार और उसके बेटे ने दयानंद के घर पहुंच कर उसके परिजनों को बताया कि दयानंद बस्ती की एक गली में पड़ा है। परिजन मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। दयानंद के शरीर में गंभीर चोट के निशान थे और वह खून से लतपथ था। इसके बाद आनन-फानन में परिजन उसे लैलूंगा अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### जांच में होगा खुलासा

दरअसल अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजन आपस में बात कर रहे थे कि उस शाम दयानंद किसी लड़की से मिलने गया था। जहां उसे लड़की के परिजनों और गांव वालों ने देख लिया, इसके बाद दयानंद की जमकर पिटाई कर दी। हालांकि इस बारे में कोई खुल कर नहीं बता रहा था। फिर भी दयानंद के परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है। चूंकि जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर उस रात दयानंद के साथ हुआ क्या था, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ईंट भट्ठे में मिली महिला की लाश

लैलूंगा थाना क्षेत्र के ही ईंट भट्ठे में एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। इस मामले में भी हत्या की आशंका जताई जा रही है। दरअसल ग्राम झारमुड़ा निवासी शारदा मांझी (42) अपने पति बिसाहू मांझी के साथ करीब डेढ़ माह से ग्राम सलखिया के ईंट भट्ठा में काम करती थी। मंगलवार की रात दोनों पति-पत्नी अपने गांव के खेत को देखने गए थे, जहां से लौटते वक्त बिसाहू रास्ते में कहीं रूक गया, जबकि शारदा अकेले ईंट भट्ठा पहुंची। कुछ देर बाद बिसाहू ईंट भट्ठा पहुंचा तो उसकी पत्नी की लाश पड़ी थी।

# इतवारी बाजार में ऑक्सीजोन निर्माण पर रोक लगाने कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

■ व्यापारियों ने नवपदस्थ कलेक्टर से लगाई गुहार

नए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के पदभार ग्रहण करने के बाद ही कलेक्टोरेट में फरियादियों की भीड़ लग रही है। इसी क्रम में शहर के इतवारी बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारियों ने कलेक्टोरेट पहुंच कर इतवारी बाजार में ऑक्सीजोन निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

इतवारी बाजार संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय ने अपने ज्ञापन में कहा कि इतवारी बाजार में ऑक्सीजोन का निर्माण कार्य हो रहा है। उनके द्वारा पूर्व में भी उनकी समस्याओं को लेकर आवेदन दिया गया है, लेकिन उसका अभी तक निराकरण नहीं हो पाया है। इतवारी बाजार के फुटकर दुकानदारों ने पुरजोर मांग की कि उनका एक प्रशासनिक सर्वे हो। इसके अलावा सभी व्यापारियों का स्ट्रीट वेंडर कार्ड बनाया जाए। उन्हें सुरक्षा के साथ पसरा आबंटित किया जाए। दुकानदारों ने यह भी निवेदन किया कि छोटे वर्ग के व्यापारियों का विशेष ध्यान रखते जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती तब तक ऑक्सीजोन निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही उनकी मांगों को पूरा करने की दिशा में सकारात्मक पहल हो।



### ठेकेदार देता है धमकी

दुकानदारों की यह भी शिकायत है कि जिले के व्यापारी जगह-जगह साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाते हैं। वहां के ठेकेदार धनगादी के नाम पर दादागिरी से मनमानी करते हुए शासन के द्वारा निर्धारित दर से अधिक कर वसूली करते हैं। इससे सभी व्यापारियों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। व्यापारी जब अधिक कर वसूली का विरोध करते हैं तो ठेकेदार द्वारा बाजार में दुकान नहीं लगाने की धमकी दी जाती है। ऐसे में उन्होंने ग्राम पंचायत और उनके ठेकेदारों पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# रात में थर्मल इमेज से हाथियों की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

धरमजयगढ़ वनमंडल में अक्सर काफी अधिक संख्या गजराजों का दल विचरण करता है। दिन में तो उनकी गतिविधियों की निगरानी आसानी से हो जाती है, किंतु रात के वक्त ड्रोन से निगरानी में मुश्किल होती है। यही वजह है कि अब रात को हाथियों की गतिविधियों को थर्मल इमेज के जरिए देखा जा रहा है। इससे हाथियों की सटीक जानकारी मिल रही है।

दरअसल थर्मल इमेज सिस्टम या इंफ्रारेट के माध्यम से रात के वक्त गर्मी के विकिरण का माप कर यह इमेज कैमरे पर दर्शाता है। आसान शब्दों में समझें तो थर्मल इमेजर इंफ्रोरेट विकिरण को माप कर एक दृश्य छवि मे परिवर्तित करता है। जिसकी वजह से रात के अंधेरे में भी किसी जीव की छवि को आसानी से कैमरे में कैद किया जा सकता है। धरमजयगढ़ वनमंडल में शुरू से ही हाथियों के रहवास के लिए काफी अनुकुल माना जाता है, क्योंकि यहां भोजन व पानी की समस्या हाथियों को नहीं होती है। ऐसे में वे यहां काफी संख्या में मौजूद होते हैं। धरमजयगढ़ से करीब 90 फीसदी गांव हाथी प्रभावित हैं। ऐसी स्थिति में वन अमले को भी इनकी गतिविधियों पर नजर बनाए रखनी पड़ती है। दिन में तो ज्यादा समस्या नहीं होती, लेकिन रात के अंधेरे में हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसकी वजह से इंफ्रारेट कैमरों से लैस ड्रोन के जरिए हाथियों की निगरानी की जा रही है।



### कर्मचारियों को बनाएंगे प्रोफेशनल

इस संबंध में डीएफओ श्री जोगावत ने बताया कि इसके लिए कर्मचारियों प्रोफेसनल स्तर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। हालांकि कुछ कर्मचारियों को पूर्व में ट्रेनिंग दी गई थी, किंतु ड्रोन के संचालन के लिए प्रशिक्षण मिलने के बाद उनके पास प्रमाण पत्र भी होगा। भविष्य में जरूरत के हिसाब से और भी इंफ्रारेट कैमरों से लैस ड्रोन खरीदे जा सकते हैं, फिलहाल एक का ही उपयोग विभाग में हो रहा है।

### 4 ड्रोन से हो रही निगरानी

इस संबंध में डीएफओ अभिषेक जोगावत ने बताया कि एक इंफ्रारेट ड्रोन के साथ ही तीन अन्य सामान्य कैमरों वाले ड्रोन भी हैं। जिसके माध्यम से हाथियों की निगरानी की जाती है। हाथी मित्र दल इस ड्रोन का संचालन करता है। इंफ्रारेट ड्रोन के जरिए ऐसे क्षेत्र जहां हाथियों की संख्या अधिक है और कई दलों में विभक्त होकर विचरण कर रहे हैं, वहां की जाती है। ताकि संबंधित क्षेत्र के समीप स्थित में इसकी जानकारी की जा सके।

### हो रही निगरानी

रात के अंधेरे में हाथियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए इंफ्रोरेट युक्त कैमरे वाले ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है। इसकी सहायता हाथियों की निगरानी आसानी से की जा रही है।

**अभिषेक जोगावत**
**वन मंडलाधिकारी, धरमजयगढ़**

# बेलादुला खर्राघाट में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन

**रायगढ़।** शहर के गायत्री मंदिर रोड, बालाजी फ्लैक्स के पास बेलादुला खर्राघाट में नौ दिवसीय पावन संगीतमयी श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 500 सालों बाद अयोध्या के वैभव की पुर्नस्थापना की खुशी में विगत 27 अप्रैल से आगामी 6 मई तक किया जा रहा है।

व्यासपीठ पर विराजित कथा वाचक भागीरथी महाराज श्री पंचकोशीधाम फिंगेश्वर वाले निसदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7.30 बजे तक अपने दिव्य प्रवचनों से श्रद्धालुओं को आनंदित कर रहे हैं। साथ ही राम कथा महिमा को बड़े ही सहज सरल ढंग से मधुर भजन गीतों के साथ श्रद्धालुओं को सुना रहे हैं। कथा स्थल में श्रद्धालुगण कथा श्रवण करने पवित्र मन से पहुंच रहे हैं। व्यासपीठ पर विराजित पं भागीरथी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीराम की महिमा कथा का रसपान कराते हुए कहा कि इस संसार में सबसे बड़ा धन है श्री राम का नाम। जिसे न तो कोई चुरा सकता है और न ही कभी घट सकता है। जो जितना ही पवित्र हृदय से प्रभु श्रीराम का नाम लेगा उसका इस जीवन में कल्याण होगा ही साथ ही परलोक में भी भला होगा। इसलिए प्रभु श्रीराम के प्रति कभी भी प्रीति कम न कीजिए प्रतिपल उनका स्मरण व जाप कीजिए यही जीवन का सार है। इसी तरह महाराज जी ने कहा अपने जीवन में अवश्य दान कीजिए दान करने से इहलोक व परलोक में जीवात्मा का कल्याण होता है।



# गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पहुंचे रायगढ़



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के कैबिनेट मिनिस्टर, गौ सेवा मंत्री, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विश्वेश्वर पटेल 28 अप्रैल को कवर्धा से रायगढ़ पहुंचे। यहां जिला पंचायत के कुछ अधिकारियों से बैठक के बाद खरसिया के जन जागरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद रायगढ़ में चक्रधर गौशाला का निरीक्षण किया व सर्किट हाऊस जाकर बजरंग दल के लोगों से बातचीज की। इसके बाद वो दशरथ पान ठेला निवासी मधुसुदन शर्मा के पुत्र अभिषेक शर्मा के घर में रात्रि भोजन किए। यहां उनके साथ बिज कुमार मेहता व डॉ. राजेन्द्र अग्रवाल शामिल रहे। भोजन के बाद वे संघ कार्यालय में प्रांतीय अध्यक्ष शिव के साथ मुलाकात कर सर्किट हाउस में विश्राम किए और सुबह अपनी टीम के साथ वापस कवर्धा के लिए रवाना हुए।

## रायगढ़ रेलवे स्टेशन से तीर्थ स्थानों की यात्रा पर श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

# श्रवण कुमार की परंपरा कायम, सरकार करा रही तीर्थयात्रा : ओपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत आज भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन 800 तीर्थ यात्रियों को लेकर रायगढ़ स्टेशन से रवाना हुई। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार श्रवण कुमार की परंपरा को अपनाकर प्रदेश के बड़े बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करा रही है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने तीर्थ यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सबके लिए खास है। क्योंकि हमारे रायगढ़, जशपुर एवं सारंगढ़ अंचल के तीर्थ यात्री मथुरा एवं वृंदावन की तीर्थ यात्रा पर जा रहे हैं। हम सभी के परिवार के वृद्ध जनों की प्रबल इच्छा होती है कि वे अपने जीवन में तीर्थ यात्रा पर जाए। लेकिन कई बार आर्थिक एवं व्यवस्थागत समस्याएं सामने आती है। जिसके चलते बड़े बुजुर्गों के तीर्थ यात्रा का सपना पूरा नहीं हो पाता। इसे ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को पुनः प्रारंभ किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद देते हुए कहा कि आज उनके अगुवाई में हमारी सरकार श्रवण कुमार के आदर्शों को अपनाकर वृद्ध जनों को तीर्थ यात्रा करवा रही है। तीर्थ यात्रा का यह क्रम निरंतर रूप से जारी रहेगा।

इस अवसर पर सांसद लोकसभा राधेश्याम राठिया ने मुख्यमंत्री साय एवं वित्त मंत्री श्री चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके प्रयासों से राज्य के वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा में जाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। जिससे उनका भी जीवन सार्थक हो रहा है। उन्होंने सभी तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं दी।



उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को पुनःप्रारंभ किया गया है। योजना अंतर्गत पूर्व में वरिष्ठ नागरिक तथा दिव्यांगजन शामिल थे, लेकिन वर्तमान में योजना अंतर्गत विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं को भी शामिल किया गया है। इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, जिला पंचायत सभापति बृजेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, लक्ष्मी पटेल, जनपद अध्यक्ष रायगढ़ सुजाता चौहान, सुरेश गोयल, सुभाष पाण्डेय, मुक्तिनाथ बबुआ, अमित शर्मा, अरूणधर दीवान, श्रीकांत सोमावार, सुभाष पांडे, मुकेश जैन, अशोक यादव, पवन शर्मा, बलबीर शर्मा, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम प्रवीण तिवारी, एडिशनल सीईओ महेश पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### 800 यात्रियों को लेकर यात्रा के लिए हुई रवाना

रायगढ़ रेलवे स्टेशन से आज भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन रायगढ़, जशपुर एवं सारंगढ़ के कुल 800 यात्रियों को लेकर मथुरा, कृष्ण जन्मभूमि एवं वृंदावन के लिए रवाना हुआ। जिसमें रायगढ़ जिले से कुल 273 तीर्थ यात्री शामिल है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 205 एवं शहरी क्षेत्र से 68 तीर्थ यात्री शामिल है। इसी तरह जशपुर से 391 तथा सारंगढ़ से 116 इस तरह कुल 750 तीर्थ यात्री तथा तीनों जिलों के 20 अनुरक्षक मिलाकर कुल 800 यात्री शामिल है।

### फूलों से सजाई गई ट्रेन, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

मथुरा वृंदावन की तीर्थ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं का रायगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पारंपरिक गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया। उन्हें लेकर जा रही भारत टूरिस्ट ट्रेन को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। तीर्थ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं में भी इस सफर को लेकर उत्साह नजर आया। पूरी ट्रेन एयर कंडीशंड है। तीर्थ यात्रियों की सहूलियत के लिए ट्रेन में रेलवे स्टाफ के साथ ही 7 विभागीय स्टाफ भी रवाना हुए। इनमें डॉक्टर भी शामिल है।

30-April -RAG bhoomi-pg-02_Layout 1 4/30/2025 9:11 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### पेड़ से टकराई बाइक तीन दोस्तों की मौत

**वाड्रफनगर।** बीती रात आर्केस्ट्रा देखकर वापस लौट रहे युवकों की बाइक पेंडारी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस घटना के बाद गंभीर रूप से घायल युवक रातभर सड़क किनारे ही पड़े रहे और तीनों दोस्तों की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस द्वारा शवों को अस्पताल भेजा गया। मृतकों की शिनाख्त के बाद शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। एक साथ तीन युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि ग्राम पेंडारी निवासी 23 वर्षीय अमरेश कुमार मरकाम आ. हरदयाल मरकाम, कोटराही निवासी 25 वर्षीय ब्रिजेंद्र कुमार आ. गया राम व परसडीहा निवासी 27 वर्षीय अमन कुमार भारती आ. तलमन भारती अंबिकापुर में रहकर दुकान में काम करते थे। रिश्तेदारी में शादी कार्यक्रम होने के कारण तीनों युवक छुट्टी लेकर हाल ही में अपने अपने घर आए हुए थे। इस दौरान सोमवार को अमरेश कुमार मरकाम की रिश्तेदारी में छठी का कार्यक्रम था। ऐसे में अमरेश ने ब्रिजेंद्र और अमन कुमार को भी बुला लिया और तीनों छठी कार्यक्रम में शामिल होने चले गए। छठी कार्यक्रम में खाने पीने के बाद तीनों रात लगभग 1 बजे ग्राम महेवा में लगे आर्केस्ट्रा देखने के लिए बाइक क्रमांक सीजी 30 एफ 2935 से निकल निकले थे। संभावना जताई जा रही है कि बलंगी मार्ग पर ग्राम पेंडारी में चालक ने बाइक से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद तीनों युवक रातभर घटना स्थल पर ही पड़े रहे। मगंलवार की सुबह रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने दुर्घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा युवकों को सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच जारी है। इधर एक साथ तीन दोस्तों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**डांड़गांव।** बीती रात एनएच 130 पर अलकापुरी के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत हो गई। महिला भिक्षावृत्ति कर अपना जीवन यापन करती थी। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मूलतः बांगो थाना क्षेत्र के मोरगा गीधमुड़ी निवासी 63 वर्षीया कदम कुंवर पति स्व. प्रेमलाल कंवर विगत कुछ वर्षों से उदयपुर बस स्टैंड में रहकर भिक्षावृत्ति करती थी। महिला की मानसिक हालत भी ठीक नहीं थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात लगभग 1 बजे एनएच 130 पर सड़क पार करते समय महिला को अज्ञात वाहन का चालक तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मारकर फरार हो गया। इस टक्कर के बाद महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को मर्च्युरी में रखवाया गया इसके साथ ही मंगलवार की सुबह मृतिका की पहचान होने के बाद पीएम उपरान्त लाश परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### आईपीएस मयंक ने सैनिक स्कूल में दिया व्याख्यान

**अंबिकापुर।** सैनिक स्कूल में सोमवार को अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस मयंक मिश्रा शामिल हुए। इस दौरान स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर ने अतिथि की अगवानी की। स्कूल सीसीए कैप्टन कैडेट भूपेंद्र सिदार ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। अपने संबोधन में आईपीएस श्री मिश्रा ने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व और सैनिक स्कूल के कैडेटों से समाज को क्या आशाएं हैं इस पर प्रकाश डाला।

विरोध करने वाले 6 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# रेलवे लाइन सर्वे में बाधा डालने वालों पर बड़ी कार्रवाई, रूपनारायण एक्का गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

रेलवे सर्वे में बाधा उत्पन्न करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल रूप नारायण एक्का समेत 6 लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। इस दौरान रूप नारायण एक्का एवं सुनील खलको को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि इन सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 121, 132, 221, 223 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने साफ किया कि कानूनी कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और कानून के खिलाफ जाने वालों को कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ेगा।घटना पत्थलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तीरसोठ की है, जहां जिला प्रशासन, पुलिस और रेलवे की टीम रेलवे लाइन के ड्रोन सर्वे में जुटी हुई थी। इस दौरान कुछ लोगों ने सर्वे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन विरोध के दौरान प्रशासन के खिलाफ आपत्तिजनक और उकसावे भरे बयान दिए गए। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। शशिमोहन सिंह ने चेताया कि जो लोग इस तरह सरकारी कार्यों में बाधा डालते हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे तत्वों को कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई का सामना करना ही होगा।यह कार्रवाई यह संदेश देती है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



दुर्घटना के बाद चक्काजाम करते नागरिक।

## सड़क हादसे में बच्ची की मौत घायल पिता अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

अम्बिकापुर रोड के सेंट जेवियर्स चौक में एक सड़क हादसे में 10 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुनील एक्का की पुत्री मारिया एक्का निवासी ग्राम किरिया के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुनील अपने दो बच्चे और पत्नी के साथ पल्सर बाइक में पत्थलगांव के पाकरगांव मेहमानी में आये थे। वहां से वापसी के दौरान सेंट जेवियर्स चौक के पास एक ट्रक के चपेट में आ गये, इस हादसे में उनके बेटी की मौके पर मौत हो गई। पिता को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पत्नी एवम दूसरी बच्चे की हालत सामान्य है। हादसे के बाद उपस्थित लोगों ने ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने ट्रक और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है।

- ट्रक चालक को पकड़कर नागरिकों ने किया पुलिस के हवाले

लोगों ने बच्ची की मौत से किया सड़क जाम हादसे के बाद उपस्थित लोगों ने मुआवजा और बाईपास सड़क की मांग को लेकर एनएच को जाम कर दिया। मौके पर पुलिस एवं प्रशासन के लोग पहुंच कर लोगो को समझाईश देकर सड़क पर लगा जाम खुलवाया। एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में बच्ची की हुई मौत पर 25 हजार रुपये के सहायता राशि तत्काल परिजनों को दे दी गई है। बाईपास सड़क के लिए प्रशासन के तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को पत्र ब्यवहार किया जा चुका है। आपको बता दे पत्थलगांव शहर के सड़क से रोजाना छोटे बड़े वाहन हजारो की संख्या में रोजाना आना जाना करते है जो पत्थलगांव शहर के बीच से ही होकर गुजरते है। सड़के छोटी है और वाहनो का ट्राफिक काफी जोरो में रहता है। दुर्घटना का अंदेशा रोजाना बना रहता है। और उसी का शिकार समय समय मे लोग होते रहते है। अम्बिकापुर रोड से जशपुर रोड बाईपास सड़क दशकों पुरानी मांग है। और बाईपास सड़क स्वीकृत भी है टेंडर भी किया जा चुका है पर सरकारी पचड़ों में फस कर अबतक बाईपास सड़क का कार्य शुरू नही हो पाया है जिसका जल्द शुरू होना पत्थलगांव शहर के लिए बेहद जरूरी है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के उच्च अधिकारियों को इस तरफ ध्यान देकर जल्द ही बाईपास सड़क शुरू करवा कर पत्थलगांव शहर का यातायात ब्यवस्था को काफी कम किया जा सकता है। जो पत्थलगांव शहर के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

भारत सरकार के विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिया जाता है अवार्ड

## जवाहर नवोदय विद्यालय कुनकुरी के छात्र विक्रांत को मिला मानक अवार्ड



**जशपुरनगर।** जवाहर नवोदय विद्यालय कुनकुरी के छात्र विक्रांत वर्मा को भारत सरकार के विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा नवाचारी विज्ञान प्रोजेक्ट के लिए मानक अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार सिर्फ एक उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि यह उनके विज्ञान की दिशा में आगे बढ़ने की शुरूआत है।

उन्हें उनके प्रोजेक्ट के लिए सम्मानस्वरूप ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और 10,000 की राशि प्रदान की गई है। यह सम्मान हासिल करने के बाद उनका चयन जिला स्तर की प्रदर्शनी और परियोजना प्रतियोगिता डीएलईपीसीएस के लिए हुआ है। फरसाबहार विकासखंड के ग्राम पतरापाली के रहने वाले विक्रांत जब आठवीं के छात्र थे तब उन्होंने अपना इलेक्ट्रिक चार्जिंग से संबंधित प्रोजेक्ट का आईडिया इन्सापायरड अवार्ड के बेबसाइट पर अपलोड किया। उनके इस आइडिया को विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा चयनित किया गया और उन्हें सम्मान स्वरूप यह अवार्ड मिला है। विक्रांत अभी नवमीं में पढ़ाई कर रहे हैं। उन्हें यह अवार्ड 27 अप्रैल 2025 को जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रिंसीपल श्री नवीन गुप्ता के हाथों प्राप्त हुआ है। अवार्ड मिलने पर विद्यालय के शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है। विक्रांत ने बताया कि आने वाला समय रिन्यूबल एनर्जी का है। पर्यावरण संरक्षण के लिए यह जरूरी है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम चेरा बहार के समीप बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार केदमा अंतर्गत ग्राम बट परगा निवासी मनोज एक्का आ. सुन्दर साय एक्का (37 वर्ष) गत दिन किसी काम के सिलसिले में ग्राम केदमा गया था। शाम को अकेले बाइक से घर लौटने लगा और जैसे ही चेरा बहार के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन युवक को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया।

## टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिले को मिला सम्मान

**जशपुर।** राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किये जा रहे बेहतर कार्य के लिए मंगलवार को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में जशपुर जिले को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा सीएमएचओ जीएस जात्रा के नेतृत्व गए स्वास्थ्य विभाग जशपुर के दल को सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुक्त स्वास्थ्य विभाग डॉ. प्रियंका शुक्ला ने भी जिले की इस उपलब्धि की सराहना की।

- स्वास्थ्य मंत्री ने की सराहना
- 271 से अधिक ग्राम पंचायतों को किया गया टीबी मुक्त

इस अवसर पर सीएमएचओ सहित सिविल सर्जन वीके इन्दवार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजीव रंजन मिश्रा, हॉस्पिटल कंसलटेंट राजेश कुरील, जिला टीबी एचआईवी कोऑर्डिनेटर अमित त्रिपाठी, प्रतीक लकड़ा एसटीएस अर्चना सिंह, सविता तिर्की एवं करिश्मा ने अवार्ड प्राप्त किया।जशपुर में टीबी मुक्त अभियान को कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिशन मोड़ में संचालित किया जा रहा है। टीबी मरीजों की खोज, जांच, उपचार एवं निदान का कार्य गांव गांव में किया जा रहा है। जिसका परिणाम है कि राज्य में सर्वाधिक 444 ग्राम पंचायतों में से 271 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त किये गए हैं। जिसमें सबसे अधिक 66 ग्राम पंचायत विकासखंड बगीचा में टीबी मुक्त बनाये गए हैं। इस संबंध में जशपुर जिले के टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उदय भगत ने बताया कि जिले में टीबी उन्मूलन के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत हर गांव में स्क्रीनिंग का कार्य कराया गया है। जिसमें टीबी पीड़ति पाए गए सभी 264 मरीजों को आवश्यक पोषण दिलाने के लिए फूड बास्केट प्रदान किया जा रहा है। उनको लगातार दवाइयों के सेवन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसके लिए जिले में टीबी की बीमारी से ठीक हुए मरीजों को टीबी मित्र बनाया गया है। ये टीबी मित्र बीमारी से जूझ रहे लोगों को प्रेरणा देने के साथ उन्हें दवाइयों के नियमित सेवन के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

कुनकुरी नगर को पेयजल संकट से राहत



## मुख्यमंत्री साय ने 20 लाख की योजना को दी स्वीकृति

**जशपुरनगर।** गर्मी के इस दौर में कुनकुरी नगरवासियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करते हुए नगर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। यह राशि नगर के प्रमुख इंटकवेल में नया वीटी पंप लगाने और आवश्यक सामग्रियों की खरीदी के लिए मंजूर की गई है। यह वही इंटकवेल है, जिसका निर्माण मुख्यमंत्री श्री साय के रायगढ़ सांसद रहते हुए करवाया गया था, और आज पूरे नगर पंचायत कुनकुरी को इसी इंटकवेल से जल आपूर्ति होती है। अब पुनः मुख्यमंत्री बनने के बाद श्री साय ने नगर की आवश्यकताओं को समझते हुए एक बार फिर निर्णायक सहयोग प्रदान किया है।

## प्रेम, प्रतिशोध और अंत में उम्रकैद

### आरोपी ने की थी अपनी प्रेमिका की टांगी मारकर हत्या

**जशपुरनगर।** सीएचओ देवकी चक्रेश की हत्या मामले में कुनकुरी की अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। आरोपी मनोज कुमार को उम्रकैद की सजा दी है। कुनकुरी में वर्ष 2022 में घटित बहुचर्चित देवकी चक्रेश की दिल दहला देने वाली हत्या के मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलराम कुमार देवांगन ने फैसला सुनाते हुए आरोपी मनोज कुमार को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई है। प्रकरण में की और से पैरवी अपर लोक अभियोजक श्रीमती श्यामा महानंद द्वरा की गई।

**प्रेम और प्रतिशोध का घातक टकराव**–22 सितम्बर 2022 की दोपहर ग्राम खारीझरिया के पास श्रीनदी पुलिया होते हुए देवकी बाई चक्रेश 23 वर्षीय सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर), रोज़ की तरह अपनी स्कूटी से ड्यूटी पर जा रही थी। तभी रास्ते में आरोपी मनोज कुमार जो कि उसका पुराना प्रेमी था ने धारदार टांगी से उस पर जानलेवा हमला किया। सिर पर 3-4 वार कर उसकी मौके पर ही हत्या कर दी गई। घटनास्थल से टांगी, गमछा, स्कूटी और खून से सनी मिट्टी बरामद की गई।

**पुलिस जांच और साक्ष्य तकनीकी और भौतिक सबूतों का जाल**–जांच अधिकारी स.उ.नि. रामजी साय पैकरा के नेतृत्व में पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए, जिसमें खून से सनी कुल्हाड़ी, देवकी की स्कूटी, मोबाइल फोन और एक पेनड्राइव शामिल है जिसमें आरोपी घटना के पश्चात मोटरसाइकिल से भागते हुए दिखाई दे रहा है। आरोपी का कपड़ा, जूते और हथियार सभी एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) जांच में दोष सिद्ध करने वाले पाए गए।

**अदालत ने सुनाया यह फैसला**

स्त्रियों की सुरक्षा और स्वतंत्रता पर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं।प्रकरण की सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री बलराम कुमार देवांगन की अदालत में हुई। निर्णय में न्यायाधीश ने कहा कि प्रेमिका को केवल शंका के आधार पर बेरहमी से मार देना न केवल कानूनन जघन्य अपराध है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने के लिए भी एक खतरा है। इस प्रकार की घटनाएं समाज में स्त्रियों की सुरक्षा और स्वतंत्रता पर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं।अदालत ने अभियुक्त मनोज कुमार को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 1000 के आर्थिक दंड की सजा सुनाई। साथ ही, दंड न भरने की स्थिति में अतिरिक्त 6 माह का सश्रम कारावास भी निर्धारित किया गया। आरोपी को 22 सितंबर 2022 से निरंतर न्यायिक हिरासत में गिना गया है, जिसकी अवधि को सजा में समायोजित किया गया।

**हत्या का कारण बना प्रेम संबंधों का टूटना और धमकी**

प्रार्थी राघुराम ने बताया कि देवकी और आरोपी मनोज के बीच लगभग चार वर्षों से प्रेम संबंध थे। किन्तु जब देवकी ने विवाह से इनकार किया तो आरोपी ने पहले धमकियां दीं और अंततः हत्या जैसा जघन्य कदम उठा लिया। देवकी के भाई व परिजनों ने बताया कि आरोपी ने पूर्व में कई बार विवाह के लिए दबाव बनाया था और न मानने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी।

### विद्यालय का एसईसीएल महाप्रबंधक ने किया उद्‌घाटन

**बिश्रामपुर।** सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन द्वारा बौद्धिक व मानसिक मंद दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष आवासीय विद्यालय प्रारंभ किया गया है। इसका औपचारिक उद्‌घाटन एसईसीएल के प्रभारी महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा वर्ष 1995 से श्रवणबाधित बच्चों के लिए विशेष आवासीय विद्यालय प्रारंभ किया था। संस्था ने क्षेत्र में बौद्धिक व मानसिक मंद दिव्यांग बच्चों की बहुत ज्यादा संख्या और उनके शिक्षा के लिये पर्याप्त सुविधाओं के अभाव को देखते हुए विशेष विद्यालय प्रारंभ करने का फैसला किया है। मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए विद्यालय का संचालन कोई आसान कार्य नहीं है। बगैर समर्पण भावना के यह कार्य संभव नहीं हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार सिंह के अलावा कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश यादव, विशिष्ट अतिथि अमरेन्द्र नारायण, दीपेन्द्र सिंह चौहान एवं अन्य अतिथियों का श्रवणबाधित विद्यालय की बालिकाओं द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

भगवान परशुराम की विशेष आरती एवं किया गया अभिषेक

## परशुराम जन्मोत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज का भव्य आयोजन

**बालाजी मंदिर में हुई पूजा-अर्चना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय में सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर बालाजी मंदिर में भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना का आयोजन की गई। सुबह से ही समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा प्रारंभ हुई, जिसमें पंडितों द्वारा भगवान परशुराम की विशेष आरती एवं अभिषेक किया गया। समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर पूजा-अर्चना करते ब्राम्हण समाज के लोग।

### भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र दोनों के ज्ञाता

कार्यक्रम में समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परशुराम जी केवल ब्राह्मणों के ही नहीं, बल्कि समस्त समाज के प्रेरणा स्रोत हैं। वे शस्त्र और शास्त्र दोनों के ज्ञाता थे, जिन्होंने अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई और धर्म की स्थापना की।समापन के अवसर पर समाज के सभी सदस्यों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्राह्मण समाज के सभी कार्यकर्ताओं, युवाओं और महिला मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समाज के अध्यक्ष ने कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों की पुनः स्थापना के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### डंपर से टक्कर के बाद घर में जा घुसा ट्रेलर

**सीतापुर।** मंगलवार की अल सुबह ट्रेलर और डम्पर वाहन में टक्कर के बाद तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर लोगों सड़क किनारे लोगों के घर के बाउंड्री वाल में जा घुसा। एनएच 43 पर हुई इस घटना में ट्रेलर चालक को गंभीर चोट आने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है इसके साथ ही ट्रेलर की टक्कर से लोगों के घर का छज्जा, बाउंड्री वाल के साथ ही तीन वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा है। फिलहाल पुलिस द्वारा ट्रेलर को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह एक डम्पर वाहन अंबिकापुर की ओर जा रहा था जबकि ट्रेलर वाहन अंबिकापुर की ओर से आ रहा था। इस दौरान लगभग 5 बजे डैफोडिल्स स्कूल के सामने एनएच 43 पर साइड लेने के दौरान दोनों वाहनों में भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद डम्पर चालक को वहां से भाग निकला लेकिन ट्रेलर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार वाहन बांयी ओर मौजूद विद्युत खंभे से टकराते हुए एनएच किनारे मौजूद घर के बाउंड्री वाल को तोड़ते हुए घर में जा घुसा। गनीमत रही कि घर के बाहर बने छज्जा और कार पार्किंग के लिए लगे शेड के लोहे के पाईप से टकराकर वाहन रुक गया लेकिन इस घटना में मौके पर मौजूद तीन वाहन क्षति ग्रस्त हो गए।

## शिक्षा समाज के विकास का मूलमंत्रः सालिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती शिशु मंदिर कांसाबेल में वार्षिक उत्सव एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

श्री साय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा समाज के विकास का मूलमंत्र है। सरस्वती शिशु मंदिर जैसे संस्थान ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की अलख जगाने को काम कर रहे है। शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी हैं और यह विद्यालय दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को देखकर उन्हें गर्व की अनुभूति होती है। इस अवसर पर विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई और कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में जनपद सदस्य शिप्रा दास, विद्यालय के व्यवस्थापक श्री त्रिलोक अग्रवाल, अध्यक्ष श्री श्यामू गोयल, श्री धर्मपाल अग्रवाल, सरपंच श्री अनिल एक्का, उपसरपंच श्री अमित जिंदल, श्री भूषण वैष्णव, श्री नारायण दास, श्री प्रभात शर्मा, प्रधानाचार्य, भैया जी, दीदी जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने का संकल्प लिया।

30 -april- Jash-Coriya-Rag-Janj-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/30/2025 8:19 PM Page 1





# प्रभास की 'बाहुबली' सिनेमाघरों में फिर हो रही री-रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास की 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में से एक है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 जुलाई, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे। अब लगभग 10 साल बाद 'बाहुबली' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म अक्टूबर, 2025 में सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देगी। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। 'बाहुबली' को इस साल अक्टूबर में एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'बाहुबली बड़े पर्दे पर वापस आ रहा है।

लाइफ Style



# तृप्ति
## माधुरी के साथ फिर करेंगी काम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एक बार फिर माधुरी दीक्षित के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। भूल भुलैया 3 के बाद तृप्ति और माधुरी एक कॉमेडी ड्रामा में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी विक्रम मल्होत्रा के प्रोडक्शन बैनर अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के लिए एक कॉमेडी ड्रामा में स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी, जिसका नाम फिलहाल मां बहन बताया जा रहा है। यह एक नेटफ्लिक्स ओरिजिनल है और अगले महीने मुंबई में फ्लोर पर जाएगी।

इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं, जिन्हें तुम्हारी सुलु और जलसा जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। यह फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो तीन किरदार पर आधारित है। इस फिल्म की सबसे खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

हॉलीवुड मसाला



# अरबपति सिंगर ने बसाया अपना गांव

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश पॉप सिंगर एड शीरन की पॉपुलैरिटी किसी से छिपी नहीं है। उनका हर गाना चार्टबस्टर साबित होता है। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती है। हालांकि इस समय वो अपने गाने नहीं बल्कि खुद का अलग गांव बसाने को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि उन्होंने ये माना है कि ये 'अजीब' है लेकिन वो अपने परिवार को प्राइवेसी देना चाहते थे। दरअसल पॉप स्टार ने इंग्लैंड के सफोक में अपने घर के आस-पास की जमीन और दूसरे घरों को खरीदने में काफी पैसे खर्च किए हैं ताकि वो बड़ा एस्टेट बना सके।



# 'सिनर्स' थिएट्रिकल सिनेमा के लिए बनी गुड न्यूज...

**लॉस एंजिल्स।** माइकल बी. जॉर्डन स्टारर फिल्म 'सिनर्स' दुनिया भर के थिएटर्स में जमकर भीड़ जुटा रही है। 18 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को डायरेक्टर रायन कूगलर ने डायरेक्ट किया है, जो इससे पहले 'ब्लैक पैंथर' फ्रैंचाइजी और 'क्रीड' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। अब उनकी नई फिल्म 'सिनर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल किया है जिसने दुनिया भर के फिल्म बिजनेस एक्सपर्ट्स को सरप्राइज कर दिया है।बी. जॉर्डन की फिल्म हॉरर फिल्म की कैटेगरी में आती है और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर ये कैटेगरी बहुत बड़े बॉक्स ऑफिस कलेक्शन नहीं जुटाती है। मगर हॉरर फिल्म होने के बावजूद 'सिनर्स' ने पहले वीकेंड में यूएस बॉक्स ऑफिस पर 48 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया था। संडे की कमाई के साथ 'सिनर्स' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 10 दिन में 161 मिलियन डॉलर्स से ज्यादा हो चुका है।



# 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन बनेंगी शुभांगी...

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म 'ओम जय जगदीश' के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। अनुपम ने न केवल फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, बल्कि वह इसमें अभिनय भी करते नजर आएंगे। अब 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन के नाम का खुलासा हो गया है। 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन का नाम शुभांगी है। अभिनेत्री काजोल ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान शुभांगी पेश किया गया। टीजर में सिर्फ म्यूजिक के साथ तन्वी के लुक को पेश किया गया, जो काफी भावुक है। शुभांगी को अनुपम के प्रसिद्ध एक्टिंग स्कूल 'एक्टर प्रिपेयर' से चुना गया है।



# 'धमाल-4' का क्लाइमेक्स मुंबई में होगा शूट

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन आने वाले समय में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। सुपरहिट कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' की चौथी किस्त 'धमाल 4' भी इन्हीं में से एक है। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अपने अंतिम चरण पर है। अब 'धमाल 4' के क्लाइमेक्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। आइए जानें फिल्म का क्लाइमेक्स कब-कहां शूट किया जाएगा और इसमें अजय के साथ कौन-कौन शामिल होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'धमाल 4' का आखिरी शेड्यूल 15 मई से मुंबई में शुरू होगा, जहां जंगल थीम वाला एक बड़ा सेट बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह शेड्यूल जून के आखिर तक पूरा हो जाएगा और इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा।

टीवी मसाला

# कभी जूते किए पॉलिश, बेची चाय, सब्जियों के लगाए ठेले!

**नई दिल्ली।** आज के दौर में जितने अमीर हीरो- हीरोइन हैं, उतने ही स्टैंड-अप कॉमेडियन भी होते जा रहे हैं। कपिल शर्मा और भारती सिंह को ही ले लीजिए तो वे स्टार्स से कम नहीं हैं। अपनी हंसी मजाक के जरिए ही वे करोड़ों छाप रहे हैं। बहरहाल, यहां हम एक ऐसे कॉमेडियन के बारे में बात कर रहे हैं जिसने गरीबी से उठकर अमीर बनने में लंबा संघर्ष किया है। यहां तक कि सब्जी भी बेची है और जूते भी बनाए हैं, लेकिन आज वो लग्जरी लाइफ जी रहा है।



***चाय की दुकानों में किया काम, आज है ऐश-ओ- आराम :*** जिसके बारे में हम यहां बात कर रहे हैं वो हैं सुदेश लहरी, जो कि एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन हैं। वे टेलीविजन कॉमेडी कार्यक्रमों में दिखाई दिए हैं और स्टेज शो में प्रदर्शन किया है। सुदेश लहरी की गरीबी से अमीरी तक की कहानी एक हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। अभिनेता-कॉमेडियन, जो कभी चाय की दुकानों, कारखानों में काम करते थे और आजीविका के लिए जूते बनाते थे। अब मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट के मालिक हैं। उनकी संपत्ति में तीन बेडरूम, एक बड़ा डाइनिंग रूम, एक मॉड्यूलर किचन, एक निजी स्टूडियो, होम थिएटर और साथ ही एक बड़ा लिविंग रूम शामिल है।

### ऐसा था लहरी का बचन

इससे पहले, अर्चना पूरन सिंह के व्लॉग पर दिखाई देते हुए, सुदेश ने एक समय को याद किया था जब उन्हें अपना घर बेचना पड़ा था। बचपन को याद करते हुए सुदेश कहते हैं, 'मैंने बचपन में बहुत मेहनत की है। मैंने गरीबी देखी है। मैंने छोटी-छोटी दुकानों में काम किया है, चाय बनाई है, कई फैक्ट्रियों में काम किया है, जूते बनाए हैं। सब्जियां बेची हैं। अमीरों को झूठ नहीं बोलना पड़ता, लेकिन गरीब होने के कारण हमें अक्सर साहूकारों से पैसे मांगने पर झूठ बोलना पड़ता है। यह सब मेरे लिए एक्टिंग कोर्स की तरह काम करता है।

### परिवार ने खुद डिजाइन किया सुदेश का घर

सुदेश लहरी ने हाल ही में पिंकविला को अपने घर का दौरा कराया, जहां उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने खुद ही घर को डिजाइन किया है। अभिनेता ने मजाक में कहा, 'हमने इंटीरियर डिजाइनर को नहीं रखा, क्योंकि वे महंगे हैं। हंसते हुए उन्होंने कहा कि वो फैंस को मुंबई के शानदार नजारों की एक झलक दिखाकर अपनी 'अमीरी' दिखाना चाहते हैं, जिसका वो अपने घर से आनंद ले सकते हैं। सुदेश लहरी ने अपने घर के दौरे की शुरुआत अपने लिविंग रूम से की, जिसे हाथ से चुने गए फर्नीचर और वॉलपेपर से सजाया गया है। उसके बाद अपना खुद का बेडरूम दिखाया, जहां उन्होंने एक खास चाय कॉर्नर भी बनवाया है। आपको बता दें कि सुदेश के घर के अंदर एक स्टूडियो भी है, जहां वे अपना संगीत रिकॉर्ड करते हैं. दौरे के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि वे घड़ियों के शौकीन हैं।

### द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 से मिली लोकप्रियता

बता दें कि सुदेश करीब दो दशक से इंडस्ट्री में बतौर कॉमेडियन और एक्टर सक्रिय हैं। हालांकि, द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 में हिस्सा लेने के बाद वे मशहूर हुए। वो कपिल शर्मा के कॉमेडी शो समेत कई अन्य कार्यक्रमों में भी नजर आते हैं।

# सबसे कमाऊ फिल्म के एटली थे निर्देशक
## 'मर्सेल' है सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की गिनती उन अभिनेत्रियों में की जाती है, जिन्होंने बॉलीवुड डेब्यू से पहले हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खास पहचान हासिल कर ली है। 28 अप्रैल को सामंथा अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने 'द फैमिली मैन 2' से हिंदी दर्शकों के बीच पहचान बनाई। 'पुष्पा' के गाने 'ऊ अंतावां' ने भी उन्हें खूब शोहरत दिलाई। सामंथा ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन क्या आप उनकी सबसे कमाऊ फिल्म का नाम जानते हैं? सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म का नाम 'मर्सेल' है, जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के निर्देशक एटली ने किया था। सामंथा के साथ इस फिल्म में थलापति विजय, एस जे सूर्या और नित्या मेनन जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था। 120 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'मर्सेल' ने बॉक्स ऑफिस पर 257 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।यह फिल्म जी5, नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।



### कुछ ऐसा रहा सामंथा का करियर

सामंथा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2010 में आई तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' के जरिए की थी, जिसमें वह अपने पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य के साथ नजर आई थीं। इसके बाद सामंथा ने 'बाण काठडी', 'मॉस्कोइन कावेरी', 'बृंदावनम', 'ऑटोनगर सूर्या', 'यशोदा' और 'सीथम्मा वाकिटलो सिरिमल्ले चेट्टु' जैसी फिल्मों में काम किया। पिछली बार सामंथा फिल्म 'कुशी' (2023) में नजर आई थीं। अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों में 'शुभम' और 'मां इंति बंगाराम' शामिल हैं।

# दो बार एक ही नाम से बनीं फिल्में
## आखिरी वाली ने तो कमाल ही कर दिया

*मुंबई। इन दिनों सैफ अली खान फिल्म 'ज्वेल थीफ' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में सैफ के साथ अभिनेता जयदीप अहलावत नजर आ रहे हैं। इस नाम से पहले भी फिल्म बन चुकी है, जिसमें देव आनंद नजर आए थे और यह फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। एक ही नाम से 2 फिल्में बनाने का चलन बॉलीवुड में लंबे समय से चला आ रहा है। आइए आज ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जानें।*



***'दिलवाले' :*** साल 1994 में आई फिल्म 'दिलवाले' में अजय देवगन, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन नजर आए थे। इस फिल्म में पहले दिव्या भारती को लिया गया था, लेकिन अचानक हुई उनकी मौत के बाद इसमें रवीना को साइन किया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। बाद में इसी नाम से रोहित शेट्टी फिल्म लेकर आए, जिसमें शाहरुख खान, काजोल, वरुण धवन और कृति सैनन ने मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन किया था।



***'बागी' :*** सलमान खान साल 1990 में फिल्म 'बागी' लेकर आए थे, जिसमें उनके साथ नगमा ने लीड रोल किया था। पिता सलीम खान के नक्शे कदम पर चलते हुए सलमान ने 'बागी' से बतौर स्क्रिप्ट राइटर शुरुआत कर दी थी। फिल्म लेखक जावेद सिद्दिकी के साथ मिलकर सलमान ने 'बागी' की पटकथा का जिम्मा संभाला था और बतौर लेखक अभिनेता की पहली कोशिश सफल रही थी। उधर साल 2016 में टाइगर श्रॉफ 'बागी' लेकर आए, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



***'दोस्ताना' :*** 'दोस्ताना' नाम की फिल्म ने अलग-अलग दशक में दोस्ती और प्यार की कहानी को अलग ढंग से बयां किया। साल 1980 में राज खोसला की 'दोस्ताना' एक गंभीर एक्शन-ड्रामा थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा ने 2 दोस्तों की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म सुपरहिट थी। दूसरी ओर 2008 में आई 'दोस्ताना' एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी थी, जिसमें अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में थे। ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

## खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर 'द भूतनी' का ट्रेलर दर्शकों को आया बेहद पसंद

# बॉक्स ऑफिस पर मई में होगा महामुकाबला, अजय और संजय से शुरू होगी जंग

***मुंबई।** जहां अप्रैल में कई बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों से सिनेमाघर गुलजार रहे, वहीं मई का महीना भी सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई चर्चित फिल्में सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार हैं। ये वो फिल्में हैं, जिनमें दर्शकों को एक्शन से लेकर, रोमांस, रोमांस, कॉमेडी और खूब ड्रामा देखने को मिलेगा। कई सितारों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आमने-सामने होंगी। आइए नजर डालें मई में आने वाली चर्चित फिल्मों पर।*

**'रेड 2':** शुरुआत करते हैं 'रेड 2' से, जिसके हीरो हैं अजय देवगन और विलेन हैं रितेश देशमुख। फिल्म में इस बार अजय की पत्नी का किरदार अभिनेत्री वाणी कपूर ने निभाया है, जबकि 'रेड' में इलियाना डिक्रूज इस भूमिका में नजर आई थीं। 'रेड' पर दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब प्यार लुटाया था। ऐसे में 'रेड 2' से न सिर्फ अजय, बल्कि उनके प्रशंसकों को भी बड़ी उम्मीदें हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी।



**'द भूतनी' :** एक ओर जहां अजय 1 मई को 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं, वहीं संजय दत्त इसी दिन अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के साथ सिनेमाघरों में आएंगे। इसमें मौनी रॉय, श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और सनी सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया। अब देखना ये है कि 'रेड 2' और 'द भूतनी' में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारती है।





### ये फिल्में भी होंगी आमने-सामने

16 मई को सुनील शेट्टी 'केसरी वीर' ला रहे हैं, उसी दिन पुलकित सम्राट की 'सुस्वागतम खुशामदीद' रिलीज हो रही है। उधर 30 मई को सोनाक्षी सिन्हा और परेश रावल की फिल्म 'निकिता रॉय' और साउथ के स्टार विजय देवरकोंडा की 'किंगडम' पर्दे पर आएगी।

**'हरि हर वीरा मल्लू' :** सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर भी दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह यूं तो तमिल भाषा की फिल्म है, लेकिन फिल्म पवन कल्याण की है, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है, वहीं बॉबी देओल भी इस फिल्म में हैं। फिल्म में बॉबी का एक खूंखार अवतार देखने को मिलेगा, वहीं पवन आमजन के लिए लड़ते दिखेंगे। इसका सामना 9 मई को बॉक्स ऑफिस पर 'भूल चूक माफ' से होगा।





**'भूल चूक माफ' :** अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। 'स्त्री' फ्रैंचाइजी वाले दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसे लगाए हैं। सीमा पहवा भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।

## खबर संक्षेप



### जरा सी बारिश में जलमग्न हुआ बोरोडीपा

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर के बारोडिपा चौक से एनटीपीसी पहुंच मार्ग के मुहाने का रोड ढलान में है और वहां बनी नाली आए दिन जाम रहता है जिसके कारण थोडी बारिश में ही रोड में पानी भर जाता है जिससे आसपास के लगभग 50 व्यवसायिक प्रतिष्ठान प्रभावित हो रहे हैं और उनका आजीविका पर बुरा असर पड़ रहा है। वही आवागमन भी बाधित हो रहा है जिसमें कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। इससे निजात पाने आासपास के रहवासी नगर पंचायत पुसौर में नाली की सफाई करते हुए व्यवस्थित नाली की मांग कई बार कर चुके हैं जिसमें नगर पंचायत पुसौर प्रबंधन अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। जानकारी के मुताबिक जेना शो रूम से लेकर लेकर केलो के बने हुए पुल तक सामान्य बारिश में ही यहां पानी भर जाता है, बरसात मे तो रोड का पानी घरों में पहुंच जाता है। रहवासियों की माने तो इनके द्वारा कई बार नगर पंचायत के साथ साथ अन्य सरकारी दफतरों में इसकी शिकायत कर चुके हैं कि रोड में पानी न भरे इसकी व्यवस्था किया जाए लेकिन आज 4 साल हो गए सारे प्रयास विफल हो चुके हैं। बीते कुछ माह पहले पुसौर से रेंगालपाली तक रोड निर्माण कार्य के बीच इन्हें यह उम्मीद जगी थी कि कुछ सुधार होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

### प्लेसमेंट मेला का आयोजन 2 मई को

**रायगढ़।** योग्य अभ्यर्थियों युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार आगामी 2 मई को सुबह 10 बजे से शासकीय आईटीआई चक्रधर नगर, रायगढ़ में प्लेसमेंट मेला का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें केसर अर्थ साल्यूशन केसर टॉवर रायपुर जॉब लोकेशन रायगढ़ तथा ओम ऑटोमोबाइल्स प्रा लिमिटेड में रिक्त 51 विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक नियत तिथि एवं समय पर समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट मेला में शामिल हो सकते है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सृजन सभा कक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले भर से आए जनसामान्य से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं सुनी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर द्वय रवि राही, अपूर्व प्रियेश टोप्पो, एसडीएम प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनदर्शन में आज जिले में कार्यरत संविदा एएनएम अपने लंबित वेतन एवं सेवा वृद्धि की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर श्री चतुर्वेदी को बताया कि उनकी नियुक्ति कोविड के दौरान हुई थी। कोरोना काल में उन्होंने अपनी सफलतापूर्वक ड्यूटी पूर्ण की इसके अलावा वे राष्ट्रीय कार्यक्रम के सभी कार्यों को संपन्न करने में योगदान दिए, लेकिन उन्हें पूर्व का वेतन अभी तक नहीं मिला है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि लंबित वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा।

## निधन...

### गौरीशंकर पंडा

**पुसौर।** रायकेरा में रहने वाले गौरीशंकर पंडा का निधन हो गया है। जानकारी के अनुसार 1975 तक वे पुसौर में रहे, उसके बाद तमनार के रायकेरा में सपरिवार निवासरत रहे। गौरीशंकर पंडा एक सामाजिक व्यक्ति के रूप में पहचाने जाते थे। उनके निधन से पुसौर में शोक की लहर है। इसी तरह पडिगांव निवासी पंडा परिवार सहित उनके परिवारजन व उनके सगे संबंधी ईष्ट मित्रों ने भी हृदय की गहराई से संवेदना प्रकट किया है।




# पीएम आवास निर्माण में रायगढ़ ने मारी बाजी, पूरे प्रदेश में है पहले पायदान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत रायगढ़ जिले ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पूरे प्रदेश में आवास निर्माण के मामले में पहले पायदान पर है। रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए समन्वित रणनीति बनाकर मिशन मोड में काम किया गयाए जिसका असर रहा कि आवास निर्माण के मामले में रायगढ़ पूरे प्रदेश में टॉप पर रहा। जिले को वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 60 हजार 609 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ। इनमें से 52 हजार 307 आवासों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जिसमें से अब तक 14 हजार 541 आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। यह इस अवधि में पूरे राज्य में सर्वाधिक है। जिले को मिले इस वृहद लक्ष्य की पूर्ति हेतु जिला प्रशासन द्वारा एक व्यापक रणनीति तैयार की गई। जिला एवं जनपद स्तरीय फील्ड ऑफिसरों को प्रतिदिन ग्राम पंचायतों में निरीक्षण हेतु भेजा गया। इन निरीक्षणों की प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की जाती है। निर्माण कार्य में आ रही जमीनी समस्याओं जैसे कि लेबर, राजमिस्त्री, सेंट्रिंग प्लेट और पानी की उपलब्धता का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर निर्माण में तेजी लाई जा रही है। वृहद निर्माण वाले ग्राम पंचायतों में शासकीय अधिकारियों. कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर आवश्यक निर्माण सामग्री को एक स्थान पर संग्रहित किया जा रहा है, जिससे हितग्राहियों को सामग्री क्रय करने में सहूलियत हो रही है। रायगढ़ जिले द्वारा किए गए इन समन्वित प्रयासों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन को जिले में नई गति प्रदान की है।

**खास बातें**

- रिकॉर्ड टाइम में 14 हजार 541 आवासों का निर्माण किया गया पूरा




**आवास प्लस सर्वे में अग्रणी है रायगढ़**

रायगढ़ जिले में आवास प्लस सर्वे का काम भी व्यापक स्तर पर चल रहा है। आवास प्लस सर्वे 2024 के माध्यम से पूर्व में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ा गया है। जिले में कुल 1 लाख 01 हजार 11 हितग्राही इस सर्वे के माध्यम से जोड़े गए हैं। जिनमें 8 हजार 740 सेल्फ सर्वे व 92 हजार 271 असिस्टेड सर्वे के माध्यम से चिन्हित किए गए हैं।

## मोबाइल नंबर अपडेट कराने परिवहन विभाग के काटने पर रहे चक्कर

# आधार कार्ड और आरसी के डेटा में अंतर एचएसआरपी लगाने में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सभी वाहनों में शासन ने हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। ऐसे में जब वाहन स्वामी एचएसआरपी लगाने के लिए आवेदन कर रहे हैं तो उस वक्त उनका आधार और आरपी के डेटा मेल नहीं खा रहे हैं। अधिकतर मामलों में यही समस्या आ रही है। ऐसी स्थिति में अपना मोबाइल नंबर आरसी से लिंक कराने के लिए वाहन स्वामियों को परिवहन विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ज्ञात हो कि सभी दोपहिया और चारपहिया सिक्योरिटी एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है, लेकिन हजारों वाहनों के रजिस्ट्रेशन के वक्त के दिए गए मोबाइल नंबर और आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर में अंतर है।

इस अंतर की वजह से जिले के आधे से अधिक वाहनों के नंबर प्लेट अपडेट नहीं हो पा रहे हैं। पुराने वाहनों के आरसी में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने के कारण नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो पा रही है। अधिकांश वाहन मालिकों द्वारा मोबाइल नंबर बदलने, इसकी जानकारी नहीं देने के कारण नंबर प्लेट के साथ अटैच करने में परेशानी हो रही है। बता दें कि जिले में करीब 3 लाख 18 हजार वाहन 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत हैं, जिसमें हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगाया जाना है।




**सत्यापन के दो ही तरीके**

इसमें समस्या यह है कि जिस वाहन नंबर में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है, उसमें यह आर्डर नहीं हो पा रहा है। चुंकि एचएसआरपी के लिए मोबाइल नंबर अनिवार्य हो गया है। ऐसी स्थिति मे वाहन स्वामियों के पास दो ही विकल्प बचते हैं। पहला तो यह कि वे आधार सत्यापन के जरिये मोबाइल नंबर को दुरूस्त कराएं और दूसरा यह कि परिवहन विभाग पहुंच कर आरसी, आधार कार्ड के माध्यम से मोबाइल नंबर अपटेड कराएं। चुंकि डेटा मैच नहीं होने की वजह से विभाग की वेबसाइड में ऑनलाइन आधार सत्यापन का आवेदन भी रद्द हो रहा है।

**फैक्ट फाइल**

| वर्ष | 1 अप्रैल 2019 से पूर्व वाहन पंजीकृत वाहन |
|---|---|
| 2010-11 | 22846 |
| 2011-12 | 22846 |
| 2012-13 | 25706 |
| 2013-14 | 33514 |
| 2014-15 | 31203 |
| 2015-16 | 28918 |
| 2016-17 | 29257 |
| 2017-18 | 34402 |
| 2018-19 | 37627 |

**गले की फांस बना आधार सत्यापन**

विभगीय जानकारी के अनुसार प्राप्त आवेदनों की जांच करने पर यह बात सामने आ रही हैं कि 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत कई वाहनों में इस तरह की समस्या देखने को मिल रही है। वहीं 15 साल पुराने, बिना फिटनेस, परमिट और टैक्स नहीं देने वाले ब्लैक लिस्टेड वाहनों और पंजीयन नंबर वाले वाहनों को तलाश की जा रही है। इन सभी प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के बाद ही इन्हें एचएसआरपी नंबर प्लेट दिए जाएंगे। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए अब आधार का सत्यापन गले का फांस बन गया है। क्योंकि एचएसआरपी के लिए मोबाइल नंबर से ओपीटी जरूरी हो गया है। डेटा मैच होने के बाद ही ओपीटी मिलेगा, जिसके बाद ही आगे की प्रक्रिया हो सकेगी। डेटा में असमानता होने के कारण यह प्रक्रिया फेल हो रही है।

**मोबाइल नंबर न हो से ध्यान नहीं दे रहे वाहन स्वामी**

इसमें मुख्य बात यह है कि कई वाहनों के नंबर से मोबाइल नंबर अचैट नहीं है, जिसकी वजह से ही कई वाहन स्वामी ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में एचएसआरपी लगवाने के लिए सबसे पहले आरसी को मोबाइल नंबर से अपडेट कराना जरूरी हो जाता है। इसके बाद ही एचएसआरपी के लिए आर्डर किया जा सकता है। कुल मिलाकर अब वाहन मालिको के पास आधार सत्यापन का भी विकल्प नहीं बचता है, क्योंकि डेटा मिसमैच कर रहा है। अब जब इसके बाद परिवहन विभाग जाते हैं तो इसमें ही पूरा दिन लग रहा है। जिसकी वजह से लोग इससे पीछे हट रहे हैं।



# शहर में चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। मौके पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे। कलेक्टर चतुर्वेदी ने पटेल पाली में निर्माणाधीन आदर्श सब्जी मंडी और डीपीआरसी सेंटर में बन रहे दीदी सदन का जायजा लिया।

आदर्श सब्जी मंडी पहुंचकर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने यहां चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ले आउट प्लान के हिसाब से अब तक हुए निर्माण कार्यों के बारे में निर्माण एजेंसी से पूछा। बताया गया कि परिसर में शेड निर्माण के साथ उसमें स्टैंप कंक्रीट किया गया है। परिसर के अलग-अलग हिस्सों में कार्ययोजना के अनुसार निर्माण कार्य चल रहे हैं। इसमें प्रवेश द्वार के करीब बैंक के लिए भवन निर्माण चल रहा है। इसके बाजू में धरमकांटा का निर्माण किया जा रहा है। वहीं परिसर में शेड निर्माण जारी है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा ये दोनों महत्वपूर्ण होते है इसे ध्यान में रखते हुए काम करें। उन्होंने इस गर्मियों के मौसम में अधिक से अधिक काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ हो परिसर में प्लास्टिक को डिस्पोज करने के लिए कुछ स्थायी व्यवस्था करने के निर्देश दिए जिससे प्लास्टिक को रिसाइकल किया जा सके। उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण किया और वहां चल रहे कार्यों को देखा।

**दीदी सदन का लिया जायजा**

कलेक्टर ने जिला पंचायत एवं रिसोर्स ट्रेनिंग सेंटर परिसर में स्व.सहायता समूह की महिलाओं के लिए तैयार किए जा रहे दीदी सदन का भी अवलोकन किया। यहां निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने दीदी सदन में महिलाओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# जगन्नाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



रायगढ़ लोकसभा के सांसद सहज सरल व्यक्तित्व के धनी राधेश्याम राठिया निरंतर अपने क्षेत्र में उपस्थिति देते हुए विभिन्न सांस्कृतिक धार्मिक आयोजनों में शामिल होते रहे हैं।

इसी क्रम में कोडातराई मंडल तथा पुसौर ब्लाक के ग्राम छींच में आयोजित हो रहे जगन्नाथ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने व्यस्ततम समय में भी आज ग्राम छींच पहुंचकर भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु के नवनिर्मित मंदिर में हो रहे पूजन में सम्मिलित हुए उन्होंने इस आयोजन को हिंदूवादी आस्था से जोड़ते हुए कहा ऐसे आयोजन से हम एक सूत्र में जुड़ते हैं। इस गांव के ग्रामीणों के साथ साथ रास्ते से गुजर रहे प्रत्येक व्यक्ति के लिए इस मंदिर में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए अपने गंतव्य की ओर जाने का अवसर प्राप्त होगा। इस भव्य मंदिर में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सभी का तन मन धन के साथ सहयोग इस आस्था के केंद्र को समर्पित है, मै उन सभी को धन्यवाद देता हूं एवं युवाओं से आग्रह करता हूं अपने वरिष्ठ जनों के द्वारा बनाए गए मंदिर को आगे भी संजोए रखेंगे।

आज रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया के साथ किसान मोर्चा के प्रदेश प्रतिनिधि घनश्याम पटेल किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरांग साव, जिला महामंत्री रघुनाथ कौंध, कोडातराई मंडल के अध्यक्ष संदीप पंडा पुसौर मंडल अध्यक्ष जैमीनी गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वर गुप्ता वरिष्ठ नेता प्रेम शंकर पंडा कांदागढ़ के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि फकीर प्रधान, रामेश्वर पटेल, भुवनेश्वर विश्वाल, दिनेश गुप्ता उजागर चौहान, जगन्नाथ मंदिर समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी शौकी लाल गुप्ता मुरलीधर गुप्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने समितियों में खाद बीज की स्थिति का लिया जायजा



**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों को पर्याप्त खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ विकासखंड के सेवा सहकारी समिति कोतरी और हरदी का निरीक्षण किया। डॉ संजय कन्नौजे ने कोतरी समिति में आए किसान से खाद बीज उठाव के संबंध में पूछताछ किया। कलेक्टर ने इन दोनों समितियों के प्रबंधक से खाद बीज की भंडारण और किसानों द्वारा उठाव की जानकारी ली और निर्देश दिए कि बड़े किसान सहित सभी किसान जिनके घर, भंडार कक्ष, खलिहान आदि में खाद भंडारित करने का पर्याप्त स्थान है तो वे अपने समिति से खाद बीज का उठाव शीघ्र कर लें। यदि खाद बीज का उठाव होगा तब ही अपने उच्च कार्यालय से खाद बीज की मांग जाएगी, जिसके आधार पर आगामी दिनों में और खाद बीज केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। इसलिए किसानों द्वारा खाद बीज का उठाव करना जरूरी है।

# काम में दिखे गुणवत्ता और गति का मेल: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम काज की समीक्षा की। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि काम की स्पीड बढ़ाएं। शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विषय हों या लोगों की समस्याओं के निराकरण का मामला हो सभी निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। जहां जरूरी है वहां अधिकारी अपने स्तर पर आपसी समन्वय के साथ कार्यों को पूरा करें, इसमें अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और सीईओ जनपद से कहा कि श्रमिकों और समाज कल्याण विभागों से जुड़े प्रकरणों पर अपने स्तर पर भी कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिससे त्वरित रूप से हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने दिव्यांग छात्रों के यूडीआईडी कार्ड निर्माण के बारे में जानकारी ली। जिला शिक्षाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुछ छात्रों के कार्ड बनने शेष रह गए हैं। जो विशेषज्ञ चिकित्सकों की अनुशंसा से बनेंगे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि ऐसे बच्चों को चिन्हांकित कर उनके लिए उनके स्कूल स्तर पर कैंप लगाए जाएं। जहां डॉक्टर्स उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर कार्ड बनाएं। इसके लिए बच्चों को कहीं जाने की आवश्यकता नहीं पडऩी चाहिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बैठक में सीएम जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल सहित जनसमस्या निवारण पोर्टल्स में लंबित आवेदनों के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

- बिना तारपोलिन ढकें मालवाहक वाहनों का न हो परिवहन

**मालवाहकों में ढकें तारपोलिन**

कलेक्टर ने खनिज, पर्यावरण और परिवहन विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि बिना ढकें हुए मालवाहक ट्रकों की आवाजाही नहीं होनी चाहिए। इसके लिए विभाग संयुक्त रूप से जांच और जुर्माने की जो आवश्यक कार्रवाई वह सुनिश्चित करें। परिवहन के दौरान ट्रांसपोर्टर्स और वाहन चालकों में यह व्यावहारिक परिवर्तन आवश्यक है कि गाडियों में तारपोलिन अवश्य ढंका हो।

**निर्धारित तिथियों में कोर्ट में सुनवाई करें**

कलेक्टर ने सभी एसडीएम तहसीलदार और नायब तहसीलदार से कहा कि कोर्ट के लिए जो तारीख तय करते हैं उसमें अनिवार्य रूप से सुनवाई के लिए बैठें। प्रकरणों में जहां पटवारी प्रतिवेदन को आवश्यकता है उसे 15 दिन के भीतर मंगवा कर प्रकरणों को निराकृत करें। इसमें अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नियमित रूप से प्रकरणों को सुनवाई कर समय सीमा में निराकृत करें।

# श्रमिकों को दी जाएगी शासकीय योजनाओं की जानकारी

**रायगढ़।** 1 मई श्रमिक दिवस के अवसर पर नैशनल फ्रन्ट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन के तत्वावधान एवं डॉ दीपक जायसवाल राष्ट्रीय अध्यक्षए ईश्वर सिंह चन्देल प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मुरली राहुल पटनायक प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नरेश चौहान संगठन सचिव के द्वारा ग्राम चिखली तहसील पुसौर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्रमिको को उनके हित एवं शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जानी है। इस दौरान श्रमिको को इन योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया जाएगा ताकि वे उक्त योजनाओं का लाभ उठा सकें।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह अप्रैल 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

